राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा – 2023 का समापन समारोह

राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा – 2023 का समापन समारोह का आयोजन निदेशक डा एन जी पाटील की अध्यक्षता में किया गया

भाकृअनुप – राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो, नागपुर में, राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा – 2023 का समापन समारोह, निदेशक डा एन जी पाटील की अध्यक्षता एवं प्रो सूरज तेलंग, प्राध्यापक, डा आंबेडकर कॉलेज, दीक्षा भूमि के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं नगद पुरस्कार वितरित किए गए। मुख्य अतिथि प्रो सूरज तेलंग ने हिन्दी की प्रयोजनीयता पर प्रकाश डाला एवं विभिन्न क्षेत्रों में हिन्दी की उपयोगिता को सविस्तार बताया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में निदेशक महोदय ने हिन्दी के प्रचार प्रसार में हिन्दी फिल्मों के योगदान को रेखांकित करते हुए, राष्ट्रभाषा हिन्दी के महत्तव को तार्किक रूप से प्रतिपादित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय, उप–निदेशक (राजभाषा), श्री देवेन्द्र कुमार धरम द्वारा किया गया।